# श्री राधे मेरी लाड़ली | By Dheeraj Bawra

श्री राधे मेरी लाड़ली थोड़ी सी कृपा कीजिये
चरणों में पड़ा तेरे नज़रें करम तो कीजिये
श्री राधे मेरी लाड़ली थोड़ी सी कृपा कीजिये

तेरे दर की धूल हूँ मैं चरणों का फूल हूँ मैं
कर दो कृपा हे लाड़ली कर्मो से दूर हूँ मैं
आया शरण मैं तेरी मुझको भी अपना लीजिये
श्री राधे मेरी लाड़ली थोड़ी सी कृपा कीजिये

हैं लाखों पापी तारे कितने अदम उबारे
अब आई मेरी बारी चौखट पे सर हमारे
प्यारी पिया की प्राण धन मेरी भी और रीझिये
श्री राधे मेरी लाड़ली थोड़ी सी कृपा कीजिये

इस बावरे से मन की इतनी बची है आशा
तेरे दर पे जो भी आया लौटा नहीं वो प्यासा
यही आखिरी तमन्ना श्यामा जु पूरी कीजिये
श्री राधे मेरी लाड़ली थोड़ी सी कृपा कीजिये

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%b2%e0%a5%80-by/